सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 9 अंक : 274 | इंदौर, मंगलवार 16 अप्रैल, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए



'वो जग से हैं बेमिसाल सखी, वो शेरोंवाली कमाल सखी'

'तुझे क्या बतलाऊँ मैं, वो कितनी दीनदयाल सखी'

!! माँ महागौरी की जय !!

# मप्र में 3 दिन गर्मी, 19 अप्रैल से फिर आंधी-बारिश

## दिन का तापमान 3 से 4 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ेगा; रातें भी गर्म रहेंगी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

भोपाल। मध्यप्रदेश में लगातार 9 दिन तक आंधी, बारिश और ओले का दौर अब थम जाएगा। मंगलवार को मौसम के साफ रहने का अनुमान है। इससे गर्मी का असर भी बढ़ेगा।

मौसम विभाग, भोपाल के वैज्ञानिक प्रमेंद्र कुमार ने बताया, '16, 17 और 18 अप्रैल को प्रदेश में गर्मी का असर बढ़ेगा। दिन के टेम्प्रेचर में 3 से 4 डिग्री सेल्सियस तक की बढ़ोतरी हो सकती है। वहीं, रातें भी गर्म रहेंगी। 19 अप्रैल से फिर आंधी-बारिश का दौर शुरू हो सकता है।' उन्होंने कहा कि 18 अप्रैल को उत्तर भारत में वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ) एक्टिव हो रहा है। इसका असर 19 अप्रैल से देखने को मिल सकता है। एक-दो दिन में स्पष्ट होगा कि यह सिस्टम स्ट्रॉन्ग रहेगा या नहीं? अभी तक की स्थिति में प्रदेश के कुछ इलाकों में वेस्टर्न डिस्टरबेंस का असर रहेगा।

### अप्रैल में ऐसा पहली बार, जब लगातार 9 दिन बारिश

सोमवार को भी प्रदेश के जबलपुर, बैतूल, रतलाम और सिवनी में हल्की बारिश हुई। मौसम वैज्ञानिक कुमार ने बताया कि ऐसा पहली बार हुआ है, जब अप्रैल में लगातार 9 दिन तक बारिश हुई हो। पहले कभी भी अप्रैल महीने में लगातार इतने दिन बारिश नहीं हुई। लगभग सभी जिलों में अप्रैल की बारिश के रिकॉर्ड भी टूट गए।



### गर्मी-बारिश के दो रंग दिखाई दिए

सोमवार को प्रदेश के ज्यादातर शहरों में मौसम साफ रहा। इस दौरान मौसम ने दो रंग दिखाए। जबलपुर, रतलाम, सिवनी और बैतूल में हल्की बारिश हुई तो खजुराहो, धार, सतना और रतलाम में दिन का टेम्प्रेचर 40 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया।

खजुराहो और धार में पारा सबसे ज्यादा 40.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। पचमढ़ी, नरसिंहपुर, सिवनी और बालाघाट के मलाजखंड में पारा 35 डिग्री से कम रहा। बाकी जिलों में गर्मी का असर देखने को मिला।

बड़े शहरों की बात करें तो भोपाल में 37 डिग्री सेल्सियस, इंदौर में 39 डिग्री, ग्वालियर में 38.8 डिग्री, जबलपुर में 38 डिग्री और उज्जैन में पारा 39 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मंगलवार को भी गर्मी का असर रहने का अनुमान है।

## युवक कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष मितेंद्र पर एफआईआर

### रैली में जुटे थे 40-50 वाहन, अनुमति 2 की थी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**ग्वालियर। युवक कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष मितेंद्र दर्शन सिंह पर ग्वालियर में पड़ाव थाना पुलिस ने धारा 144 के उल्लंघन के मामले में एफआईआर दर्ज की है। मितेंद्र पर यह कार्रवाई रैली में अनुमति से ज्यादा वाहन एकत्रित करने पर हुई। मितेंद्र के पास दो वाहनों की अनुमति थी जबकि उनकी रैली में 40 से 50 वाहन थे। इस मामले में सहायक रिटर्निंग ऑफिसर अभिनव त्रिवेदी फरियादी बने हैं।**

12 अप्रैल को मितेंद्र पदभार ग्रहण करने ग्वालियर से भोपाल रवाना हुए थे। इस संबंध में सहायक रिटर्निंग ऑफिसर ने कारण बताओ नोटिस जारी किया था। 14 अप्रैल को मितेंद्र ने भाई विवेक के जरिए भेजे गए जवाब में बताया कि मेरे द्वारा कलेक्टर के किसी आदेश का उल्लंघन नहीं किया गया है। उत्साही कार्यकर्ता मेरे सूचना दिए बिना ही एकत्र हो गए थे।

# महाकाल में भस्मारती के नाम पर 14 हजार का फ्रॉड

## दर्शन के लिए दिया फर्जी टिकट, शिकायत के बाद सेवक पर लगाया प्रतिबंध

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन। महाकाल मंदिर में भस्मारती के नाम पर एक और ठगी का मामला सामने आया है। आंध्रप्रदेश के श्रद्धालुओं से सेवक में भस्मआरती अनुमति के लिए 14 हजार रुपए ठग लिए। श्रद्धालु ने महाकाल मंदिर समिति और महाकाल थाने में शिकायत की। जांच के बाद समिति ने रविवार को सेवक को मंदिर के विशेष मार्गों से प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया है।**

घटना 10 अप्रैल की है। आंध्रप्रदेश के रहने वाले नागोजू सत्यनारायण ने 12 अप्रैल को महाकाल मंदिर समिति को लिखित शिकायत की। इसमें बताया कि 10 अप्रैल को वह परिवार के साथ उज्जैन आए थे। यहां रेलवे स्टेशन के पास आंध्रा आश्रम में रुके थे। होटल में पुजारी कैलाश गुरु के सेवक रोमीन शर्मा 1से महाकाल की भस्म आरती में शामिल करवाने के लिए बात हुई। रोमीन शर्मा ने दो हजार प्रति व्यक्ति के लिए 7 लोगों के हिसाब से 14 हजार रुपए ऑनलाइन लिए। दर्शन 11 अप्रैल को करना थे।

### दर्शन करने गए, तो बाहर निकाल दिया

नागोजू ने बताया कि अलसुबह सभी लोग भस्मआरती के लिए लाइन में लगे। परिवार में बुजुर्ग पिता, पत्नी और बच्चे भी शामिल थे। जब टिकट दिखाने की बारी आई, तो कहा गया कि ये फर्जी है। इसके बाद सभी को बाहर निकाल दिया। इस तरह वे बिना दर्शन किए ही मंदिर से बाहर आ गए।

### मंदिर समिति से की शिकायत

नागोजू ने 12 अप्रैल को महाकाल थाने और महाकाल मंदिर समिति से लिखित शिकायत की। जांच के बाद मंदिर प्रशासक मृणाल मीणा के आदेश पर सुरखा व प्रोटोकॉल अधिकारी रूबी यादव ने रविवार रात सेवक रोमीन शर्मा को विशेष मार्गों से प्रवेश पर प्रतिबंध का आदेश जारी किया। आदेश में कहा गया कि सेवक द्वारा किया गया कृत्य अमर्यादित होकर श्रद्धालुओं के साथ धोखाधड़ी करने वाला प्रदर्शित होता है। साथ ही, मंदिर की प्रतिष्ठा को खराब भी करता है।

### दो महीने से ऑनलाइन नहीं मिल रही थी अनुमति

पेशे से सॉफ्टवेयर इंजीनियर श्रद्धालु नागोजू ने बताया कि पिछले दो महीने से मंदिर समिति की वेबसाइट पर ऑनलाइन अनुमति के लिए प्रयास कर रहे थे। सुबह अनुमति के लिए स्लॉट खुलते हैं। कुछ ही मिनट में फुल बता देती है। उन्होंने ऑनलाइन अनुमति के नाम पर चीटिंग का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि फॉर्म भर भी नहीं पाते है कि चंद मिनट में सीट फुल हो जाती है। मंदिर प्रशासन को इसकी जांच कराना चाहिए।

# चुनाव बाद स्नातक प्रथम व द्वितीय वर्ष की परीक्षा

## 30 अप्रैल तक विद्यार्थियों को भरना होंगे फार्म

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के अधिकांश अधिकारी-कर्मचारियों की निर्वाचन कार्य में ड्यूटी लगा दी है। इसके चलते विश्वविद्यालय ने अब तक स्नातक प्रथम व द्वितीय वर्ष की परीक्षा का शेड्यूल नहीं बनाया है। मगर इन दिनों कालेजों को निर्देश देकर विद्यार्थियों से परीक्षा फार्म भरवाए जा रहे हैं। बिना विलंब शुल्क छात्र-छात्राओं से 30 अप्रैल तक आवेदन स्वीकार किए जाएंगे। अधिकारियों के मुताबिक, परीक्षा को लेकर बुधवार को बैठक बुलाई जाएगी। इसमें स्नातक परीक्षाओं की तारीख तय की जाएगी।**

बीए, बीकाम, बीएससी, बीबीए, बीसीए, बीए पत्रकारिता, बीएसडब्ल्यू प्रथम-द्वितीय वर्ष की परीक्षा अप्रैल के अंतिम सप्ताह में होना थी, लेकिन चुनाव की वजह से परीक्षा मतदान बाद करवाने पर जोर दिया जा रहा है। दोनों परीक्षाओं में करीब एक लाख 10 हजार विद्यार्थी है, जिसमें 65 हजार प्रथम वर्ष और 42 हजार द्वितीय वर्ष के छात्र-छात्राएं हैं।

### परीक्षा शेड्यूल जारी नहीं, ये हैं बड़ी वजह

अधिकारियों के मुताबिक, परीक्षा शेड्यूल तय नहीं करने के पीछे कई वजह है, जिसमें अधिकारी-कर्मचारियों-प्राध्यापकों की ड्यूटी लगाना, सरकारी कालेजों को मतदान केंद्र व स्ट्रांग रूम बनाना, पर्याप्त उत्तरपुस्तिका नहीं होना जैसे कारण शामिल है। मतदान केंद्र और स्ट्रांग रूम बने कालेजों को परीक्षा केंद्र नहीं बनाया जा सकता है।

### मई में हो सकती है परीक्षा

वैसे दोनों पाठ्यक्रम में विद्यार्थियों की संख्या काफी अधिक है। इसके लिए 80-90 कालेजों में परीक्षा करवाई जाती है। परीक्षा नियंत्रक डा. अशेष तिवारी का कहना है कि परीक्षा मई में रखने की योजना है। अब परीक्षा को लेकर अगले तीन से चार दिन में निर्णय लिया जाएगा। उसके बाद सभी परीक्षाओं का टाइम टेबल जारी किया जाएगा।

### प्रायोगिक परीक्षा भी होना बाकी

परीक्षा के लिए विद्यार्थियों से आवेदन भरवाए जा रहे हैं, जिसमें नियमित और स्वाध्यायी छात्र-छात्राएं शामिल हैं। 30 अप्रैल बाद आवेदन करने पर विद्यार्थियों को विलंब शुल्क भी देना है। इसमें 100 रुपये से एक हजार रुपये तक शुल्क निर्धारित किया है। वैसे कालेजों को प्रायोगिक परीक्षा भी करवानी होगी। इसके लिए वायवा करवाने वाले विशेषज्ञों के नाम तय होना बाकी हैं। यह काम विश्वविद्यालय दस दिनों में पूरा कर लेगा।

# इंदौर से भोपाल और ग्वालियर के बीच अमृत भारत ट्रेन चलने की उम्मीद

### दोनों ट्रेनें इंदौर के खाते में आ सकती हैं, ग्वालियर के लिए जरूरी है दिन में चलने वाली इंटरसिटी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। आगामी कुछ महीनों में इंदौर को दो अमृत भारत ट्रेन मिलने की उम्मीद है। इनमें इंदौर-भोपाल और इंदौर-ग्वालियर ट्रेन शामिल हैं। रेलवे के लिहाज से दोनों ही बहुत कमाई वाले रूट हैं और सामान्य श्रेणी के हजारों यात्री इन शहरों के बीच सफर करते हैं। यदि राजनीतिक स्तर पर थोड़ा जोर सांसदों द्वारा लगा दिया जाए, तो बात बन सकती है और दोनों ट्रेनें इंदौर के खाते में आ सकती हैं।**

इंदौर-भोपाल के बीच अभी नियमित इंटरसिटी के रूप में एकमात्र ट्रेन चलती है, जो सुबह इंदौर से चलकर रात को भोपाल से इंदौर लौटती है। लंबे समय से इस रूट पर एक अतिरिक्त इंटरसिटी चलाने की मांग की जा रही है, जो दिनभर दोनों शहरों के बीच कम से कम फेरे लगाए। यही कमी अमृत भारत ट्रेन पूरी कर सकती है, क्योंकि इसमें सामान्य श्रेणी के कोच लगते हैं। ऐसी ट्रेन चलाकर रेलवे बसों में आवाजाही करने वाले यात्रियों को अपनी तरफ खींच सकता है।

यही हाल इंदौर-ग्वालियर रूट का है। इस रूट पर नियमित रूप से मक्सी-गुना होकर रतलाम-इंदौर-ग्वालियर/भिंड एक्सप्रेस चलती है, जिसमें सालभर कन्फर्म बर्थ का टोटा रहता है। इस रूट पर देवास, मक्सी, शाजापुर, ब्यावरा, राजगढ़, गुना होकर ग्वालियर के लिए ट्रेन चलती है, तो यात्रियों को एक अतिरिक्त विकल्प मिलेगा और ग्वालियर एक्सप्रेस पर दबाव कम हो सकेगा। सांसद शंकर लालवानी इस ट्रेन की मांग रेल मंत्री से कर चुके हैं।

### इंदौर से घटी हवाई यात्रियों की संख्या

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। रोजाना सफर करने वाले यात्रियों की संख्या में गिरावट आई है। इंदौर एयरपोर्ट से मार्च में रोजाना औसतन 10 हजार 700 यात्री सफर करते थे। अप्रैल के शुरूआती 15 दिनों में ही यह संख्या घटकर 8 हजार 500 से 9 हजार के बीच आ गई है। यात्रियों की संख्या में आई गिरावट की वजह स्कूलों के शुरू होना बताया जा रहा है। इंदौर एयरपोर्ट से मिली जानकारी के अनुसार अभी रोजान 84 से 90 शेड्यूल उड़ानों का संचालन हो रहा है। वाराणसी के लिए नई उड़ान का संचालन शुरू हुआ है। जिसे अच्छा रिस्पांस मिल रहा है। लेकिन यात्रियों की संख्या में मामूली कमी आई हैं। इंदौर से अभी साढ़े 8 से 9 हजार यात्री सफर कर रहे हैं। हालांकि किसी दिन यह आँकड़ा 10 हजार भी जा रहा है। वहीं दूसरी तरफ ट्रेवल एजेंटों का कहना है कि इस माह से स्कूल फिर से खुल गए हैं, जिससे भी थोड़ा फर्क पड़ा है। लेकिन अगले माह से सीजन शुरू हो जाएगा। जिसके बाद यात्रियों की संख्या दोबारा बढ़ जाएगी।

# निगम कमिश्नर पहुंचे संगम नगर जीटीएस

## 3 कर्मचारी बिना सूचना अनुपस्थित निकले

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट



**इंदौर। नगर निगम कमिश्नर शिवम वर्मा ने संगम नगर जीटीएस (गारबेज ट्रांसफर स्टेशन) का निरीक्षण किया। तीन कर्मचारी अनुपस्थित निकले। उनका एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए।**

कमिश्नर वर्मा ने सोमवार सुबह राजकुमार पुल, पोलो ग्राउंड, मरीमाता चौराहा, 15वीं बटालियन चौराहा, खड़े गणेश मंदिर चौराहा होते, भागीरथपुरा और अन्य क्षेत्रों के साथ ही संगम नगर स्थित जीटीएस व 4 आर गार्डन, 3 आर केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने संगम नगर स्थित जीटीएस के निरीक्षण के दौरान कर्मचारियों के संबंध में जानकारी ली गई। तीन कर्मचारी बिना अनुमति के अनुपस्थित पाए जाने पर तीनों कर्मचारियों का एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए गए। 4 आर गार्डन और 3 आर सेंटर का निरीक्षण किया।

कमिश्नर ने 3 आर सेंटर में बड़ी मात्रा में सामान रखा मिलने पर संबंधित एनजीओ की टीम को फटकार लगाते हुए सामान का उपयोग करने के साथ ही सभी 3 आर केंद्र को अनिवार्य रूप से समय पर खुला रखने के संबंध में निर्देश दिए। कमिश्नर द्वारा भागीरथपुरा क्षेत्र में स्वच्छता का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पाया कि क्षेत्र में सकरी गली होने पर वहां पर डोर टू डोर वाहन जा नहीं पा रहे हैं ऐसे स्थान पर ई-रिक्शा उपलब्ध कराने और ई-रिक्शा के माध्यम से कचरा संग्रहण कार्य करने के भी निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त सिद्धार्थ जैन, अधीक्षण मंत्री महेश शर्मा, मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर अखिलेश उपाध्याय, जोनल अधिकारी एवं अन्य विभाग अधिकारी उपस्थित है।

### कटाक्ष




### सेवा सुरभि के व्याख्यान में पूर्व कलेक्टर मनोज श्रीवास्तव ने कहा-

# श्रीराम के राज में सबको अपनी बात कहने की पूर्ण आजादी थी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। मर्यादा पुरूषोत्तम श्रीराम के राज में सबको अपनी बात रखने की आजादी थी और विमर्श की स्वतंत्रता थी। यहाँ तक कि जब अयोध्या वनवास के दौरान रावण के द्वारा निष्काषित विभीषण राम के शिविर मे आते है और हनुमान सहित सुग्रीव सभी विरोध करते है, लेकिन राम सबको सुनते है और उसके बाद ही अपनी सहमति जताते है, जो बताता है कि श्रीराम शुरू से लोकतंत्र के हिमा यति थे।**

ये विचार मनोज श्रीवास्तव से.नि. अपर मुख्य सचिव म.प्रशासन एवं पूर्व कलेक्टर इंदौर के है, जो उन्होंने सेवा सुरभि द्वारा श्रीरामनवमी के उपलक्ष्य मे जाल सभागृह मे आयोजित व्याख्यान में मुख्य वक्ता के रूप मे कहे।

श्री राम का लोकतंत्र विषय पर बोलते हुए श्रीवास्तव ने वाल्मीकि रामायण के श्लोको को उद्धृत करते हुए कहा कि श्रीराम के वनवास के पूर्व जब उनको अयोध्या का युवराज बनाना था, उस समय भी राजा दशरथ ने नगर एवं जनपद के प्रधानों को बुलावा भेजा था कि क्या राम को राजा बनाने मे आपके क्या विचार है। सिर्फ इसलिए नहीं कि क्षत्रिय का पुत्र ही राजा बनना चाहिए और इसलिए भी नही कि राजा दशरथ अपने ही पुत्र को बनाना चाहते है।

श्रीवास्तव ने आगे कहा कि राम वल्कल पोशाक में रहे या राजा की पोशाक में उन्होंने दोनों जगह लोकतंत्र को आगे रखा। वनवास काल मे लंका कूच के दौरान आदिवासी समाज से लेकर वानरो तक को आजादी थी। माता सीता का पता लगाने के लिए राम ने हनुमान को न तो लंका का नक्शा दिया और न कोई नुस्खा दिया, केवल मुंदरी थी, क्योंकि राम हनुमान की प्रतिभा को जानते थे। अतिथि स्वागत अरविंद जायसवाल, डॉ, सरोज कुमार और हरेराम वाजपेई ने किया। प्रतिक चिन्ह मोहन अग्रवाल और ओमप्रकाश नरेडा ने प्रदान किये। कार्यक्रम का संचालन संस्क्रतिकर्मी संजय पटेल ने किया। आभार माना ओम प्रकाश नरेडा ने।

बोले मंत्री प्रहलाद पटेल- ...

# कांग्रेस ने 50 साल तक गरीबी हटाने की सिर्फ बातें की, काम नहीं किया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। राहुल गांधी की दादी ने 50 वर्ष पहले गरीबी हटाओ का नारा दिया था। कांग्रेस ने 50 वर्ष तक गरीबी हटाने की सिर्फ बातें की। अगर काम किया होता तो आज स्थिति कुछ और होती और हमारी अर्थव्यवस्था विश्व में पहले नंबर पर होती। भारत से बाहर ले जाई गई मूर्तियों को वापस लाया जाएगा और जिस जगह से वे चोरी हुई थीं, उन्हें वहीं स्थापित किया जाएगा। पहले भी मूर्तियां वापस आती थी लेकिन उन्हें संग्रहालयों में रख दिया जाता था, लेकिन अब ऐसा नहीं होगा।**

ये बातें कैबिनेट मंत्री प्रहलाद पटेल ने सोमवार को इंदौर में भाजपा के संकल्प पत्र के विमोचन के अवसर पर कही। उन्होंने कहा कि मैंने जब छिंदवाड़ा से चुनाव लड़ा था तब कमल नाथ और कांग्रेस का आतंक समाप्त किया था। इस बार चुनाव में छिंदवाड़ा से परिवारवाद समाप्त होने वाला है। वहां हमेशा कमल नाथ का धन प्रबंधन होता था जो इस बार नहीं है। भ्रष्टाचार के आरोपों से घिरे कांग्रेसियों की भाजपा में इंट्री को लेकर पटेल ने कहा कि भ्रष्टाचार करने वालों का दल और जाति नहीं देखी जाती। भ्रष्टाचार करने वालों को बक्शा नहीं जाएगा।




### विश्वास एक दिन में नहीं बनता

पटेल ने कहा, मोदी का नाम और काम ही गारंटी है। यह विश्वास एक दिन में नहीं बनता। मोदी जो वादा करते हैं उसे पूरा करते हैं। दस वर्षों में किया गया काम संकल्प पत्र में नजर आ रहा है। संकल्प पत्र में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत तीन करोड़ आवास बनाने, आयुष्मान कार्ड के माध्यम से 70 वर्ष से अधिक उम्र के सभी बुजुर्गों को इस योजना का लाभ पहुंचाने, दिव्यांगों को भी प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ देने, मातृशक्ति को आत्मनिर्भर करने, सौर ऊर्जा के क्षेत्र में काम करने की बातें शामिल हैं। हमारे देश की सांस्कृतिक विरासत को सहेजने का काम मोदी सरकार ने किया है। इस अवसर पर विधायक रमेश मेंदोला, भाजपा जिलाध्यक्ष चिंटू वर्मा, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी दीपक जैन टीनू, प्रदेश प्रवक्ता गोविंद मालू उपस्थित थे।

# हंसदास मठ पर रामनवमी को होंगे विभिन्न अनुष्ठान



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। बड़ा गणपति पीलियाखाल स्थित प्राचीन हंसदास मठ पर चैत्र नवरात्रि महोत्सव के तहत महामंडलेश्वर हंस पीठाधीश्वर स्वामी रामचरणदास महाराज के सान्निध्य में रोजाना सुबह 7 से 9 और शाम 7.30 से 9.30 बजे तक दुर्गा सप्तशती पाठ सहित विभिन्न अनुष्ठान जारी हैं।

मठ के पं. पवनदास महाराज ने बताया कि मठ पर मंगलवार, 16 अप्रैल को महाअष्टमी एवं बुधवार 17 अप्रैल दोपहर 12 बजे राम जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। मठ स्थित मां अन्नपूर्णा, गायत्री एवं मां सरस्वती का नित्य नूतन मनोहारी श्रृंगार कर विद्वानों द्वारा दुर्गा सप्तशती पाठ की पूर्णाहुति बुधवार को सुबह 11 बजे होगी, इसके पूर्व सुबह 9 बजे रामजी का अभिषेक होगा। मठ स्थित राम दरबार की दिव्य और मनोहारी प्रतिमाओं का श्रृंगार भी पहले दिन से ही किया जा रहा है। मंदिर के आचार्यों द्वारा राम जन्मोत्सव की महाआरती 17 अप्रैल को दोपहर ठीक 12 बजे होगी तथा राम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में सभी देवालयों में मनोहारी श्रृंगार भी किया जाएगा।

#### हनुमान प्राकट्य महोत्सव मनेगा

मठ पर 22 एवं 23 अप्रैल को हनुमानजी का प्राकट्य महोत्सव भी धूमधाम से मनाया जाएगा। सोमवार 22 अप्रैल को सुबह 10.30 बजे से अखंड रामायण पाठ का शुभारंभ होगा। मंगलवार 23 अप्रैल को सुबह 6.30 बजे जन्मोत्सव की महाआरती होगी। पूर्णाहुति हवन दोपहर 12 बजे होगा। मठ स्थित पंचमुखी चिंताहरण हनुमान महाराज का आकर्षक श्रृंगार एवं पूजन महामंडलेश्वर स्वामी रामचरण दास महाराज के सान्निध्य में होगा तथा शाम 7 बजे श्रृंगार, महाआरती के पूर्व 56 भोग समर्पित किए जाएंगे।

श्री दक्षिण काली पीठ आश्रम में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में

# कृष्ण-रुकमणी उत्सव मना

**इंदौर। प्रत्येक मनुष्य में परमात्मा का वास होता है... भारतीय संस्कृति में प्रत्येक दिन माता-पिता को चरण स्पर्श किया जाता है... हर दिन तुलसी पूजन करना चाहिए... जो जीवन में धर्म संस्कृति से कट जाता है उसका कभी कल्याण नहीं होता है... सोच समझकर वाणी का प्रयोग करना चाहिए... शब्द ही पीड़ा है शब्द ही खुशी देने वाला है।**

यह उद्गार महंत श्री अर्जुन दास महाराज ने 60 फीट रोड अंबिकापुरी एक्सटेंशन स्थित श्री दक्षिण काली पीठ आश्रम पर आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के छटवें दिन कहे। आयोजन समिति के प्रमुख एमआईसी सदस्य अश्विनी शुक्ल ने बताया कि चैत्र शुक्ल नवरात्रि के पावन पर्व पर आयोजित नौ दिवसीय नवचंडी महायज्ञ में सातवें दिन पंचकुइया पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर श्री रामगोपालदास महाराज, आश्रम के महंत श्री अर्जुन दास महाराज के पावन सानिध्य में यजमानों ने हवन कुंड में आहुतियां समर्पित की। श्रीमद्भागवत कथा में कृष्ण-रुकमणी उत्सव मना। यज्ञ के मुख्य आचार्य पं रामजी शास्त्री आचार्य सहित अनेक आचार्य पंडितों के वेद मंत्रों के बीच यज्ञ यजमान श्रवण त्रिपाठी, गणेश द्विवेदी, तेजसिंह ठाकुर, दिनेश शर्मा सहित अन्य यजमान ने स्वाहा के मंत्रों के बीच हवन कुंड में आहुतियां समर्पित की। 17 अप्रैल तक श्री नवचंडी महायज्ञ आश्रम परिसर में होगा, यज्ञ प्रतिदिन सुबह 8 बजे से दोपहर 1 बजे तक होगा। कथा में व्यासपीठ का पूजन अर्चन पंचकुइया पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर श्री रामगोपाल दास महाराज, विधायक गोलू शुक्ला, पूर्व विधायक संजय शुक्ला, एमआईसी सदस्य अश्विनी शुक्ल, कथा के यजमान पूरण शर्मा, सुनील अग्रवाल, अंकित सोनी ने किया। इस अवसर पर भूपेंद्र केसरी, मयंक पुरोहित, गौतम सोनी, कपिल गेहलोत, गोपाल नाथ, संजय सोनी, सुनील सोनी, चिंटू शर्मा गोलू सोनी, भावेश आर्य, देवेश सोनी, प्रकाश वैष्णव, नवनीत अग्रवाल, अमित अग्रवाल, धर्मेंद्र सोनी, अक्षय सोनी, पियूष सोनी, सनी शर्मा सहित बड़ी संख्या में भक्तगण सम्मिलित हुए।



# सानिध्य की मुहीम से गरीब बच्चों को मिल रही शिक्षा

**इंदौर।** शिक्षा के क्षेत्र में एक नई मशाल कायम करने वाले सानिध्य जैन और उनके मित्र राहुल यादव का उपक्रम 'सुनीता क्लासेज' निरंतर सफलता की ऊंचाइयों को छू रहा है। इस कक्षा का आयोजन पिछले तीन माह से किया जा रहा है, जो शिक्षा के क्षेत्र में एक नया प्रेरणास्त्रोत स्थापित हो रहा है। यह पहल उन बच्चों को संजीवनी लाभ प्रदान कर रही है, जो गरीबी के कारण शिक्षा से वंचित हैं। इन बच्चों के माता-पिता मजदूरी और फल बेचने का कार्य करते हैं, जिनके पास शिक्षा के लिए पर्याप्त संसाधन नहीं हैं। इस मुहीम का समर्थन करने वाले लोगों की संख्या में तेजी से वृद्धि हो रही है और सामाजिक मीडिया के माध्यम से इसे बढ़ावा मिल रहा है। सानिध्य के इंस्टाग्राम पेज The Bright Tales के 60,000 फॉलोवर्स हैं, जिनका यहां महत्वपूर्ण योगदान है। इसके अलावा, लोगों की भावनाओं को महसूस करते हुए, इस क्षेत्र में नए आगंतुकों की संख्या भी बढ़ रही है।

# कांग्रेस ने पूछा- मेनिफेस्टो की प्रेस कॉन्फ्रेंस में शिवराज गैरहाजिर क्यों?

## सीएम बोले- 70 प्लस के बुजुर्गों को फ्री इलाज का सुझाव एमपी ने दिया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। लोकसभा चुनाव 2024 के लिए बीजेपी ने रविवार को दिल्ली में संकल्प पत्र जारी किया। मेनिफेस्टो के जरिए 2047 तक के विकसित भारत के विजन को बताने के लिए भोपाल में स्टेट मीडिया सेंटर में सीएम डॉ. मोहन यादव, बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान के ना होने कांग्रेस ने बीजेपी पर हमला बोला है।**

कांग्रेस मीडिया विभाग के अध्यक्ष और पूर्व मंत्री मुकेश नायक ने कहा- बीजेपी घोषणा पत्र समिति के सदस्य पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान भोपाल में थे । वे भी मुख्यमंत्री के साथ राजगढ़ दौरे पर जा रहे थे। उन्हें पत्रकार वार्ता तक में नहीं बुलाया। बीजेपी में आंतरिक संघर्ष चल रहा है। ये आगामी समय में बीजेपी में बहुत बड़ा अखाड़ा बनने के संकेत मिल रहे हैं वहां से धुआं उठता हुआ दिखाई दे रहा है भाजपा नेताओं में तालमेल की कमी, सत्ता के लिए संघर्ष, साधन के लिए संघर्ष और पावर शेयरिंग को लेकर पावर संघर्ष शुरू हो गया है। जिसके कारण कार्यकर्ता घुटन और बेचैनी का अनुभव कर रहे हैं। क्योंकि, जो पावर शेयरिंग है वह ऊपर -ऊपर के लोग करते हैं और कार्यकर्ताओं से केवल काम लेकर उन्हें दरकिनार कर दिया जाता है। सीएम ने बताया संकल्प पत्र से बीजेपी का रोड मैप बीजेपी स्टेट मीडिया सेंटर में हुई प्रेस कॉन्फ्रेंस में सीएम मोहन यादव ने इस संकल्प पत्र(मेनिफेस्टो) से मध्य प्रदेश को क्या मिलेगा, इसका पूरा रोड मैप बताया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री ने कहा है कि देश में चार जातियां हैं। ये संकल्प पत्र उनके विकास के लिए संकल्पित है। संकल्प पत्र आगामी 5 वर्ष के लिए सेवा सुशासन और गरीब कल्याण के आधार पर ही केंद्रित है। संकल्प पत्र 2047 के विकसित भारत का संकल्प पत्र है। इसमें ये भी बताया गया है कि पिछले 10 साल में मोदी सरकार ने क्या-क्या काम किए।

### घोषणा पत्र को इसलिए दिया संकल्प पत्र नाम

सीएम मोहन यादव ने कहा, आमतौर पर चुनाव से पहले घोषणा पत्र जारी किए जाते हैं। केंद्र की मोदी सरकार ने पिछले 10 साल में की गई घोषणाओं को संकल्प में बदला है। इन्हें पूरा किया है। इसलिए उन्होंने इसका नाम संकल्प पत्र रखा है।

# आरक्षक से मारपीट, वर्दी फाड़ी

### अर्धनग्न हालत में थाने लेकर आई पुलिस

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भिंड। भिंड में एक आरक्षक के साथ चंदननगर में मारपीट कर दी गई। आरक्षक की वर्दी भी फाड़ दी। इसके बाद देहात थाना पुलिस को सूचना दी गई। आरक्षक को अर्धनग्न अवस्था में थाने लेकर पहुंची। इसके बाद दोनों पक्ष देर रात तक थाने में रहे। ये मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा हुआ बताया जा रहा है।**

जानकारी के मुताबिक भोपाल में पदस्थ आरक्षक जितेंद्र गर्ग डाक लेकर भिंड आया हुआ था। रविवार की रात करीब 10-11 बजे के बीच चंदन नगर में था तभी कुछ लोगों ने जमकर मारपीट कर दी। उक्त युवक की वर्दी फाड़ दी। मोहल्ले के लोगों ने 108 पर सूचना दी जिस पर एफआरवी मौके पर पहुंची। देहात पुलिस ने आरक्षक को वाहन में बैठाया और थाने में लेकर पहुंची। थाने में आरक्षक का कहना था मुझे घेरकर पीटा गया। मैं पैदल जा रहा था।

इस घटना के बाद दोनों पक्ष के लोग देर रात तक पुलिस थाने में आ गए। दोनों पक्षों की ओर से अपने अपने तर्क रखते रहे। पुलिस ने दोनों पक्षों को सुना। इस पूरे मामले में देहात थाना में पदस्थ विजय शिवहरे का कहना है कि आरक्षक भोपाल में पदस्थ है। भिंड का रहने वाला है उसके घर के पास रहने वाली लडकी से कॉलेज समय से परिचय है। जब वो निकल रहा था तो लडकी के घर वालों ने विरोध किया। इसी बात पर दोनों में बहस होकर झूमाझटकी हो गई। दोनों पक्ष थाने आये। बाद में चले गये।

# बाघिन और 3 शावकों ने पर्यटकों का रास्ता रोका

### करीब आए तो रिवर्स दौड़ानी पड़ी जिप्सी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**नर्मदापुरम।** मध्यप्रदेश के सतपुड़ा टाइगर रिजर्व में बाघिन मछली और उसके 3 शावकों ने पर्यटकों का रास्ता रोक लिया। बाघिन और शावक चूरना रेंज में जंगल सफारी पर निकले पर्यटकों की जिप्सी के सामने आ गए। ड्राइवर को जिप्सी रोकनी पड़ी। मछली को फैमिली समेत करीब आते देख ड्राइवर ने जिप्सी रिवर्स दौड़ा दी। रोमांचित करने वाले इस नजारे को भोपाल के पर्यटक प्रकाश शाक्य और पंकज गुप्ता ने रविवार को अपने कैमरे में कैद किया। वीडियो एसटीआर प्रबंधन ने शेयर किया है।



एसटीआर की ये रॉयल फैमिली पहले पानी में उछलकूद करते दिखी। फिर चारों टहलते हुए जिप्सी की ओर बढ़े। बाघिन को आगे बढ़ता देख एक पल के लिए पर्यटकों के भी पसीने छूट गए। सभी शांत रहकर टाइगर फैमिली को देखते रहे। बाघिन और शावक रुके नहीं तो जिप्सी रिवर्स करनी पड़ी। कुछ देर बाद बाघिन और शावक रुके और रास्ते के दूसरी ओर चले गए। वीडियो में बाघिन और तीनों शावक पानी में उछल-कूद करते नजर आ रहे हैं। दो शावक धमाचौकड़ी करते पानी से निकलकर दूर भाग रहे हैं। तीसरा शावक रास्ते पर खड़ा हुआ है। एसटीआर में बाघिन मछली के परिवार (टाइग्रेस फैमिली) का पर्यटकों को खूब दीदार हो रहा है। आए दिन अलग-अलग एक्टिविटी करती ये टाइग्रेस फैमिली पर्यटकों के दिल को भाती है।

### 9 महीने के हो गए तीनों शावक

एसडीओ विनोद चौहान ने बताया मछली बाघिन और तीनों शावक अक्सर सफारी के दौरान नजर आ रहे हैं। तीनों शावकों की उम्र 9 महीने है। इसमें 1 मेल व 2 फीमेल हैं।

# मतदान केंद्रों की बिजली आपूर्ति में लगेंगे 220 इंजीनियर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा बूथों पर संपूर्ण व्यवस्था करने के आदेश के मद्देनजर मप्र पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने भी प्रभावी तैयारी की है। कंपनी मुख्यालय से उज्जैन के मुख्य अभियंता को लोकसभा चुनाव के मद्देनजर बूथों की समीक्षा करने के निर्देश दिए गए है। उज्जैन संभाग में 220 इंजीनियरों समेत 850 कर्मचारी इस व्यवस्था को संभालेंगे।**

मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी इंदौर के प्रबंध निदेशक अमित तोमर ने बताया कि बूथों पर बिजली वितरण के लिए मुख्य अभियंताओं समेत सभी अधीक्षण अभियंता, उज्जैन संभाग के डिविजनों के कार्यपालन अभियंता को आदेशित किया गया है। । साथ ही जोन, वितरण केंद्रों पर पदस्थ सहायक अभियंता, कनिष्ठ अभियंता भी बूथों की बिजली व्यवस्था की समीक्षा करेंगे, यदि दूरदराज के किसी बूथ पर स्थाई बिजली कनेक्शन नहीं है, तो वहां अस्थाई कनेक्शन प्रदान किया जाएगा। श्री तोमर ने बताया कि सभी जिलों के अभियंताओं से संबंधित जिला निर्वाचन अधिकारी एवं रिटर्निंग अधिकारियों से सतत तालमेल बनाए रखने के निर्देश दिए है, ताकि बूथों पर भारत निर्वाचन आयोग के आदेशानुसार व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा सके। प्रबंध निदेशक श्री तोमर ने बताया कि इंजीनियरों के अलावा अन्य कर्मचारी, लाइनमैन, परीक्षण सहायक, सुपरवाइजर आदि भी सेवाएं देंगे। बूथों पर संबंधित इलाके के लाइनमैन के मोबाइल नंबरों की सूचना भी लगाएंगे, ताकि आवश्यकता होने पर लाइनमैन बूथ पर जल्द से जल्द उपस्थित हो सके।

# मुख्यमंत्री ने दिग्विजय को बताया सबसे बड़ा रामद्रोही

### राजगढ़ में कहा- उन्होंने जिंदगीभर वोट के लिए आपस में लड़ाया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**राजगढ़। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पूर्व सीएम और राजगढ़ लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी दिग्विजय सिंह को सबसे बड़ा रामद्रोही बताया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिग्विजय सिंह ने जिंदगीभर हिंदू और मुस्लिमों को लड़ाने का काम किया और वोट का रास्ता ढूंढा है।**



सीएम डॉ. मोहन यादव सोमवार को राजगढ़ में बीजेपी की नामांकन रैली को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा- ह्यसबसे बड़े रामद्रोही जो हर जगह रंग बदलकर बात कर रहे हैं। सुसनेर में आकर राम मंदिर और संघ की तारीफ कर रहे हैं। अरे, संघ की इतनी तारीफ करते हो तो आ जाओ शाखा में। स्वागत है आपका। कौन रोक रहा है आपको। आपको केवल वोट लेना है। ये डुप्लीकेट नहीं चलेंगे। असली रंग में आना पड़ेगा।

### दिग्विजय हिंदू-मुस्लिमों को लड़ाने के जिम्मेदार

सीएम ने आगे कहा- ह्यसुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद भी आपको इस बात का दुख है कि मंदिर क्यों बन रहा है। आपके मन में पाप है। पूरे हिंदू समाज को अपमानित करते हो। जीवनभर हिंदू और मुस्लिमों को लड़ाने का जवाबदार अगर कोई व्यक्ति है तो एक मात्र व्यक्ति दिग्विजय सिंह है। जिसने हमेशा हिंदू मुस्लिम को लड़ाकर वोट बैंक का रास्ता ढूंढा है।

### कांग्रेस ने राम मंदिर के निमंत्रण को ठुकराया

सीएम ने कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भगवान राम के मंदिर का भूमिपूजन भी हुआ और भगवान राम के मंदिर का लोकार्पण भी हुआ। अगर किसी को पेट में दर्द हुआ है और राम मंदिर के निमंत्रण को ठुकराया है तो वो एकमात्र पार्टी है कांग्रेस पार्टी।

### शिवराज बोले- चुनाव को नॉन सीरियस बना रहे दिग्विजय

पूर्व सीएम शिवराज सिंह ने दिग्विजय सिंह को लेकर कहा- जो आदमी नाटक नौटंकी कर रहे हैं, 384 फॉर्म भरवाऊंगा, चुनाव को नॉन-सीरियस बना रहे हैं। सब कुछ रहते हुए कुछ नहीं किया, वो सांसद बनकर कुछ करेंगे क्या? और फिर कांग्रेस का सांसद, कांग्रेस बची कहां भैया। कांग्रेस खत्म हो गई है। गलत फैसलों के कारण खत्म हो गई है। ऐसे नेताओं के कारण खत्म हो गई है।

## संपादकीय

# निज्जर की हत्या का मुद्दा नाहक जिद

कनाडा के प्रधानमंत्री अंतरराष्ट्रीय कूटनीतिक तकाजों को ताक पर रख कर ऐसा क्या करना चाहते हैं, यह उनका चुनाव हो सकता है। लेकिन उनके इस रुख का औचित्य इससे भी तय होगा कि क्या उनके बयानों से किसी अन्य देश की संप्रभुता पर आंच आती है! निज्जर की हत्या को अब दस महीने हो गए हैं। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो की विडंबना है कि जिस मुद्दे पर वे गंभीरता दर्शाना चाहते हैं, उसी में घिर जाते हैं। कनाडा के अल्पसंख्यकों के अधिकारों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता अच्छी बात है, लेकिन अगर इस बहाने वे एक आतंकवादी की हत्या के लिए भारत को कठघरे में खड़ा करने की कोशिश करते हैं, तो यह उनकी नाहक जिद ही कही जाएगी। गौरतलब है कि  एक समिति के सामने गवाही में उन्होंने एक बार फिर खालिस्तानी अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या का मुद्दा उठाया और परोक्ष रूप से भारत की ओर अंगुली उठाई। ट्रूडो ने इस मसले को हवा देते हुए कहा कि उनकी सरकार कनाडा के सभी लोगों के अधिकारों और स्वतंत्रता की रक्षा के लिए खड़ी है। अपने नागरिकों के हित और हक की रक्षा करना किसी भी देश की सरकार का दायित्व है। मगर क्या इस बहाने उसे किसी अन्य देश के खिलाफ काम करने वाले तत्त्वों का समर्थन करने का अधिकार भी मिल जाता है? ट्रूडो ने इस घटना के लिए भारत पर अंगुली उठाई थी, जबकि भारत ने इससे साफ इनकार किया। विडंबना है कि अपने आरोप दोहराते हुए ट्रूडो अब तक मांगे जाने के बावजूद निज्जर की हत्या से संबंधित कोई भी ठोस सबूत देने में नाकाम रहे हैं। उन्हें यह समझने की जरूरत है कि कनाडा के प्रधानमंत्री पद पर रहते हुए अगर वे निज्जर हत्या में भारत का हाथ होने की बात कहते हैं तो इसका असर अंतरराष्ट्रीय पटल पर क्या पड़ता है! आखिर निराधार आरोप की बुनियाद पर भारत को कठघरे में खड़ा करके उन्हें अपने देश में क्या हासिल हो जाएगा? उनकी इस नाहक जिद की वजह से भारत की छवि पर जो असर पड़ता है, उसकी भरपाई क्या वे कर पाएंगे?

### अर्ज़ किया है..!

*सरक कर आ गईं ज़ुल्फ़ें जो*
*इन मख़मूर आँखों तक*
*मैं ये समझा कि मय-ख़ाने पे*
*बदली छाई जाती है*

*- नुशूर वाहिदी*



### ओशो कहिन

**दर्द से बचने के लिए वे सुख से बचते हैं, मृत्यु से बचने के लिए वे जीवन से बचते हैं.**

## Health is Wealth

# बढ़ा हुआ वजन कम कर सकती है दाल खिचड़ी

### जानिए कैसे मिलेगा बेस्ट रिजल्ट





जैसे ही वजन घटाने की बात आती है तो कुछ लोग सबसे पहले खाना छोड़ देते हैं और सलाद खाना शुरू कर देते हैं। उन्हें लगता है कि शरीर को डीटॉक्स कर देने से ही वजन कम हो जाएगा। जबकि ये एक गलत आदत है। वजन कम करने के लिए खाना छोड़ देना और सिर्फ सलाद खाना सही नहीं है, क्योंकि एकदम से इस तरह की डायट फॉलो करने पर व्यक्ति को कमजोरी हो सकती है और अंत में वह खूब खाकर अपना वजन पहले से ज्यादा बढ़ा सकता है। वजन कम करने के लिए घर में बनी खिचड़ी खाएं। खिचड़ी वजन घटाने के लिए खूब मददगार साबित हो सकती है। ये एक क्विक वन पॉट मील है, जो पौष्टिक होने के साथ बनाने में भी आसान है। आप रात या दोपहर के खाने में खिचड़ी खाकर अपने पेट को भर सकते हैं। इससे वजन भी कम हो जाएगा।

### वेट लॉस के लिए क्यों खाएं खिचड़ी?

हेल्दी वेट लॉस के लिए प्रोटीन वाली डायट लेना बहुत जरूरी है। खिचड़ी एक हेल्दी फूड है क्योंकि ये चावल और दाल से बनाया जाता है। इसमें प्रोटीन की भी अच्छी मात्रा होती है। इसी के साथ इसमें बहुत ज्यादा मसाले नहीं होते। ऐसे में यह पेट और आंतों के लिए यह बहुत अच्छी होती है। पोषक तत्वों से भरपूर खिचड़ी को बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक के लिए बेस्ट माना जाता है। खिचड़ी खाकर पाचन संतुलन बनाए रखा जा सकता है और वजन घटाने में भी मदद मिलती है। खिचड़ी खाकर लंबे समय तक पेट भरा हुआ रहता है।

### खिचड़ी खाकर कैसे होगा वजन कम

वजन कम करने के लिए शरीर का हेल्दी और मजबूत होना जरूरी है। ऐसे में खिचड़ी आपके शरीर को मजबूत रख सकती है, क्योंकि ये बिना मसालों के तैयार होती है। इसमें मुख्य रूप से हल्दी का इस्तेमाल किया जाता है। जो अपने सूजन-रोधी और प्रतिरक्षा-बढ़ाने वाले गुणों के लिए पहचानी जाती है। कई लोग जो खिचड़ी खाते हैं, उन्हें सूजन, पेट फूलना या अन्य पाचन संबंधी समस्याएं नहीं होती हैं। पौष्टिक खिचड़ी उन्हें लंबे समय यानी 4 से 5 घंटे तक तृप्त रखती है। ऐसे में वेट लॉस आसानी से हो जाता है।

### कैसे मिलेगा बेस्ट रिजल्ट

खिचड़ी खाकर वजन कम करने की सोच रहे हैं तो बेस्ट रिजल्ट पाने के लिए खिचड़ी को बिना मसाले के तैयार करें। इसके अलावा इसमें दाल की मात्रा को ज्यादा रखें। खिचड़ी बनाने के लिए तेल का नहीं बल्कि घी का इस्तेमाल करें।

New Delhi

# माइक्रोबायोम में बदलाव से बढ़ा था मरीजों में ब्लैक फंगस कोरोना की दूसरी लहर में तेजी से आए थे मामले

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** डॉक्टरों की माने तो कोरोना की दूसरी लहर में बड़ी संख्या में मरीज ब्लैक फंगस के संक्रमण के आए। इसके कारण इनकी तुरंत सर्जरी तक करनी पड़ी। इस बीमारी के लिए डॉक्टर अभी तक स्टेरॉयड, मास्क का इस्तेमाल व दूसरे कारण को जिम्मेदार मान रहे थे।

माइक्रोबायोम में बदलाव के कारण कोरोना महामारी की दूसरी लहर में ब्लैक फंगस के मामले तेजी से बढ़े। यह दावा एम्स के डॉक्टरों ने शोध के बाद किया है। कोरोना की दूसरी लहर में ब्लैक फंगस के कारण बड़ी संख्या में मरीजों की हालत खराब हुई थी। ब्लैक फंगस जिसे म्यूकोर्मिकोसिस भी कहा जाता है। यह एक दुर्लभ




लेकिन खतरनाक संक्रमण है। यह म्यूकोर्मिसेट्स नामक फफूंदों के एक समूह के कारण होता है। यह साइनस, फेफड़े, त्वचा और मस्तिष्क को प्रभावित कर सकता है। वहीं, माइक्रोबायोम सूक्ष्मजीवों का समुदाय है। यह आमतौर पर शरीर के किसी भी हिस्से में एक साथ रहते हैं। डॉक्टरों की माने तो कोरोना की दूसरी लहर में बड़ी संख्या में मरीज ब्लैक फंगस के संक्रमण के आए। इसके कारण इनकी तुरंत सर्जरी तक करनी पड़ी। इस बीमारी के लिए डॉक्टर अभी तक स्टेरॉयड, मास्क का इस्तेमाल व दूसरे कारण को जिम्मेदार मान रहे थे। इस समस्या का कारण जानने के लिए एम्स के डॉक्टरों ने शोध शुरू किया। शोध के बारे में एम्स के मेडिसिन विभाग के डॉ. अनिमेष रे का कहना है कि शोध के परिणाम बताते हैं कि कोरोना के मरीजों में माइक्रोबायोम में बदलाव के कारण ब्लैक फंगस के मामले बढ़े।

Uttarpradesh

### चलती कार, प्रेग्नेंट महिला और पोर्टेबल अल्ट्रासाउंड मशीन...

## मेरठ में पकड़ा गया भ्रूण लिंग जांच करने वाला रैकेट, 3 गिरफ्तार



**मेरठ, (एजेंसी)** उत्तर प्रदेश के मेरठ में भ्रूण लिंग जांच का गोरखधंधा चलाने वाले गिरोह का पर्दाफाश हुआ है. इस गिरोह के सदस्य शातिराना तरीके से लिंग जांच करते थे. फिलहाल, पुलिस ने तीन आरोपियों को रंगेहाथ गिरफ्तार किया है. ये लोग कार में लिंग जांच कर रहे थे. इन्होंने कार में ही पोर्टेबल अल्ट्रासाउंड मशीन लगा रखी थी. गौरतलब है कि हरियाणा में गिर रहे लिंगानुपात में बढ़ोतरी को लेकर वहां का पीएनडीटी विभाग लगातार कड़ी कार्रवाई कर रहा है, इसी कड़ी में सोनीपत पीएनडीटी टीम ने यूपी के मेरठ में लिंग जांच का गोरखधंधा चलाने वाले एक ऐसे गिरोह का पर्दाफाश किया है जो कि शातिराना तरीके से लिंग जांच करते थे. मिली जानकारी के अनुसार, सोनीपत पीएनडीटी टीम (स्वास्थ्य विभाग) को काफी लंबे अरसे से गुप्त सूचना मिल रही थी कि सोनीपत का रहने वाला शौकीन उत्तर प्रदेश में आपने साथियों संग मिलकर भ्रूण लिंग जांच का रैकेट चला रहा है. इसके लिए वह पोर्टेबल अल्ट्रासाउंड मशीन का प्रयोग करता है. इस आधार पर सोनीपत पीएनडीटी टीम ने इस गिरोह को पकड़ने के लिए एक जाल बिछाया और शौकीन के पास एक गर्भवती महिला को भेजा गया. जिसको लेकर शौकीन पहले तो बागपत गया जहां उसे मेडिकल स्टोर चलाने वाला शक्ति सिंह नाम का युवक मिला. फिर दोनों उस महिला को लेकर मेरठ पहुंचे, जहां शाहनवाज और असलम एक कार में वहां पहुंचे और गर्भवती महिला को कार में बैठा कर जॉनी नाम की जगह पर पहुंच गए.

Jammu & Kashmir

## झेलम नदी में नाव पलटी, स्कूली बच्चों समेत कई लोग डूबे, 4 के शव मिले, 3 हॉस्पिटल में एडमिट

**श्रीनगर, (एजेंसी)** श्रीनगर के बटवार में मंगलवार सुबह झेलम नदी में यात्रियों से भरी एक नाव पटल गई. ये नाव गंडाबाल से श्रीनगर के बटवाडा आ रही थी, जिसमें स्कूली छात्रों समेत 12 से ज्यादा लोग सवार थे. नाव पटलने से चार लोगों की मौत हो गई है, जबकि तीन लोगों का श्रीनगर के SMDS अस्पताल में इलाज चल रहा है. बताया जा रहा है कि इस नाव में 10 से 12 स्कूली छात्र सहित कई लोगों सवार थे. सभी लापता हैं. घटना की जानकारी मिलते ही रेस्क्यू टीम ने मौके पर पहुंच कर बचाव अभियान शुरू कर दिया है. बटवाडा गंडाबल क्षेत्र के स्थानीय लोगों ने इंडिया टुडे को बताया कि मंगलवार सुबह स्थानीय नाबालिगों और अन्य बच्चों को ले जा रही एक नाव पटल गई. जिससे चार लोगों की मौत हो गई है और अन्य लोगों को इलाज के लिए श्रीनगर के अस्पताल में भर्ती कराया गया है. श्रीनगर के बटवारा में झेलम में यात्री नाव डूब गई। 10 से 12 स्कूली छात्रों सहित कई लोग कथित तौर पर डूब गए।

Bihar

## बिहार में बंधन बैंककर्मी से 10 लाख की लूट कार पर फायरिंग कर 5 लुटेरों ने लूटा कैश

**सुपौल, (एजेंसी) सुपौल जिले के भीमपुर थाना के केवला वार्ड 2 स्थित रेलवे ढाला के पास सोमवार की शाम तीन बाइक पर सवार पांच बदमाशों ने बंधन बैंक के कर्मचारियों से 9 लाख 95 हजार रुपए लूट लिये। बताया जाता है कि बैंक के कर्मचारी छातापुर थाना के नरेया निवासी संदीप कुमार, सहरसा के सिमरी बख्तियारपुर के मोहन कुमार, पूर्णिया के सुजीत कुमार और प्रतापगंज के सुमित कुमार कार से बसंतपुर जीबी मेन ब्रांच से रुपए लेकर प्रतापगंज जा रहे थे।**



इसी दौरान रेलवे ढाला के पास बदमाशों ने कार रोकने का इशारा किया। जब कार नहीं रुकी तो बदमाशों ने दो फायर कर दिया। डर कर चालक ने कार रोक दी। इसके बाद बदमाश कार में रखे रुपए लेकर फरार हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने बैंक कर्मचारियों से पूछताछ की। एसपी शैशव यादव ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है। जल्द इसका खुलासा किया जाएगा।

सरेआम बैंककर्मी से 10 लाख की लूट की घटना से इलाके में हड़कंप मच गया है। पुलिस सीसीटीवी से आरोपियों की तलाश में जुट गई है। बाइक सवार 5 बदमाशों की तलाश में छापेमारी जारी है। पुलिस जल्द आरोपियों की धरपकड़ का दावा कर रही है। और तलाश तेज कर दी है।

खेल

# आईपीएल का सबसे बड़ा लक्ष्य चेज नहीं कर सकी आरसीबी

### हैदराबाद को मिली जीत, कार्तिक ने दिखाया दम

**बेंगलुरु. IPL 2024 RCB vs SRH Match Highlights: पैट कमिंस की कप्तानी वाली सनराइजर्स हैदराबाद (SRH) इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) 2024 सीजन में रनों के अंबार पर अंबार लगाए जा रही है. इस सीजन में उसने दूसरी बार IPL इतिहास के सबसे बड़े रनों के रिकॉर्ड को तोड़ा है.**

सनराइजर्स ने सोमवार (15 अप्रैल) को खेले गए मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (RCB) को उसके घरेलू एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में 25 रनों से करारी शिकस्त दी है. मुकाबले में फाफ डु प्लेसिस की कप्तानी वाली आरसीबी को 287 रनों का ऐतिहासिक टारगेट मिला था.

इसके जवाब में विराट कोहली की आरसीबी टीम 7 विकेट गंवाकर 262 रन ही बना सकी और मैच गंवा दिया. टीम के लिए दिनेश कार्तिक ने 35 गेंदों पर 83 रनों की पारी खेली.

जबकि कप्तान डु प्लेसिस ने 28 गेंदों पर 62 रन और विराट




कोहली ने 20 गेंदों पर 42 रन बनाए. मगर कोई भी टीम को जीत नहीं दिला सका. हैदराबाद के लिए पैट कमिंस ने 3 विकेट लिए. जबकि मयंक मार्कंडेय ने 2 और टी नटराजन ने 1 विकेट लिया.

**सनराइजर्स ने तोड़ा अपना रिकॉर्ड, बनाया ये ऐतिहासिक स्कोर-** मैच में टॉस हारकर पहले बैटिंग करते हुए सनराइजर्स ने धांसू शुरुआत की और 3 विकेट गंवाकर 287 रनों का बड़ा स्कोर बनाया. यह IPL इतिहास का सबसे बड़ा स्कोर हो गया है. इससे पहले हैदराबाद टीम ने इसी सीजन में ही मुंबई इंडियंस के खिलाफ 277 रनों का ऐतिहासिक स्कोर बनाया था. अब उसने अपना ही रिकॉर्ड तोड़ दिया है.

मैच में ओपनर ट्रेविस हेड ने 39 गेंदों पर शतक जड़ दिया. इस तरह IPL इतिहास का सबसे तेज शतक का रिकॉर्ड टूटने से बच गया. IPL में यह रिकॉर्ड वेस्टइंडीज के स्टार क्रिकेटर क्रिस गेल (30 बॉल) के नाम दर्ज है.

हेड ने 39 गेंदों पर शतक जमाने के दौरान 8 छक्के और 9 चौके जमाए. उनका स्ट्राइक रेट 255 का रहा. ट्रेविस हेड ने मैच में 41 गेंदों पर कुल 102 रनों की पारी खेली. उनके अलावा हेनरिक क्लासेन ने 31 गेंदों पर 67 रन जड़े. आरसीबी के लिए लोकी फर्ग्यूसन ने 2 और रीस टॉपली ने 1 विकेट लिया.

सिनेमा

## जब शाहरुख खान ने जवान गर्ल्स के पीछे होटल तक भेजी बॉडीगार्ड्स से भरी कार, प्रियामणि ने सुनाया किस्सा



शाहरुख खान के साथ काम करने वाले लोग उनके मुरीद हो जाते हैं। उनकी जवान को-स्टार प्रियामणि भी उनमें से एक हैं। प्रियामणि चेन्नई एक्सप्रेस में भी शाहरुख के साथ काम कर चुकी हैं। अब एक इंटरव्यू के दौरान प्रियामणि ने बताया कि शाहरुख खान लोगों का कितना ध्यान रखते हैं। उन्होंने जवान में काम करने वाली गर्ल आर्मी की सुरक्षा के लिए गाड्र्स से भरी कार पीछे भेजी थी। जवान एक्ट्रेस प्रियामणि पहले भी कई बार शाहरुख खान की तारीफ कर चुकी हैं। गलट्टा प्लस के साथ बातचीत में उन्होंने फिर से अपना एक अनुभव साझा किया है। उन्होंने बताया, चेन्नई में एटली सर का बर्थडे था, तो हम सब उनकी बर्थडे पार्टी के लिए वहां थे। मुझे लगता है सुबह का 3 या 4 बज रहा होगा। हम सारी लड़कियां होटल वापस जा रही थीं। वह (शाहरुख) हम सबको अलग-अलग छोड़ने आए। वह कार तक आए। उन्होंने होटल तक हमारे पीछे बॉडीगाड्र्स से भरी एक कार भेजी क्योंकि होटल वहां से करीब 45 मिनट से 1 घंटे की दूरी पर था। प्रियामणि ने बताया कि उन्होंने गाड्र्स से कहा कि वे वापस चले जाएं पर वे बोले, सर ने खास इंस्ट्रक्शंस दिए हैं। हमें आपको छोड़कर आना है।

## Highlights


1. **Who was VS Ramadevi, India's first woman Chief Election Commissioner?**
2. **Opposition slams PM Modi, claims 'misuse of law can be seen'**
3. **Why is India expected to see above normal rainfall this year?**
4. **Lok Sabha Election: PM highlights Bihar's key role in BJP-NDA win**
5. **Congress expels Odisha MLA as he campaigns for son, who's in BJD**
6. **We may be poor despite becoming 3rd-largest economy: D Subbarao**

# Apple in talks with Murugappa Group, Titan to source iPhone camera parts: Report

**NEW DElHI, (Agency).** Apple is in discussions with India's Murugappa Group and Titan to assemble and produce sub-components for camera modules used in iPhones in a deal that could mark a shift in Apple's operations from China to India, The Economic Times reported. Through partnering with either Titan or Murugappa Group, Apple will get Indian suppliers for the critical camera module components in its smartphones. The deal is likely to be finalised within the next five to six months, people in the know told the outlet.

"Murugappa Group, in particular, with its acquisition of Moshine Electronics, has an advantage. In the future, with a potential fab, it could manufacture the image sensor," an unnamed source said as per the report.

Titan or Murugappa Group? Which will be Apple's pick



Taa Group company Titan that specialises in precision manufacturing for watches and jewellery could be the second choice in comparison to the diversified Murugappa Group which has presence across sectors spanning auto parts and abrasives. Murugappa Group acquired Noida-based camera module maker Moshine Electronics in 2022- which is being seen as an advantage by Apple- the report claimed.

Apple's India plans

With focus on localising camera module production, Apple is aiming to build a more comprehensive supply chain in India and address a key challenge in its local operations as well, the report said.

# Rupee falls to a record low of 83.51 against US dollar

**NEW DElHI, (Agency).** The rupee depreciated 9 paise to 83.53 against the US dollar in early trade on Tuesday, weighed down by a strong American currency and elevated crude oil prices.

Forex traders said a negative trend in domestic equities and sustained foreign fund outflows also dented investor sentiments.

According to interbank foreign exchange, the rupee opened at 83.51 against the dollar and touched a low of 83.53 in the initial trade, registering a fall of 9 paise over its previous close.

On Monday, the rupee declined 6 paise to settle at 83.44 against the US dollar.

Rupee fell further as foreign portfolio investors continued to buy dollars and




sell stocks on risk aversion due to Middle East tensions and US yields heading higher, said Anil Kumar Bhansali, Head of Treasury and Executive Director, Finrex Treasury Advisors LLP.

"Need to watch what the Reserve Bank of India (RBI) does to counter the rupee depreciation," Bhansali added.

Meanwhile, the dollar index, which gauges the greenback's strength against a basket of six currencies, was at 106.34, higher by 0.13 per cent.

Brent crude futures, the global oil benchmark, rose 0.53 per cent to USD 90.58 per barrel, as Israel weighed response to the Iran attack amidst heightened tensions in the Middle East.

On the domestic equity market, the 30-share BSE Sensex was trading 307.44 points, or 0.42 per cent lower at 73,092.34 points. The broader NSE Nifty was down 76.50 points, or 0.34 per cent, to 22,196.00 points.

Foreign Institutional Investors (FIIs) were net sellers in the capital markets on Monday as they offloaded shares worth ₹3,268.00 crore, according to exchange data.

आबकारी विभाग की कार्रवाई ...

# सवा 11 लाख से अधिक कीमत की अवैध मदिरा और वाहन जब्त

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। जिले में लोकसभा निर्वाचन के मद्देनजर मदिरा के अवैध क्रय-विक्रय, परिवहन, भण्डारण की रोकथाम के लिये कलेक्टर आशीष सिंह के मार्गदर्शन में आबकारी विभाग के दलों द्वारा लगातार प्रभावी कार्यवाही की जा रही है।**

सहायक आबकारी आयुक्त मनीष खरे के निर्देशन में प्रभारी सहायक जिला आबकारी अधिकारी रामचरण डावर के नेतृत्व में गस्त के दौरान सूचना प्राप्त हुई कि एक सफेद रंग की पिकअप इंदौर से राऊ होकर धार की तरफ शराब भरकर निकल रही है। आबकारी वृत्त महू अ उपनिरीक्षक अमर सिंह बघेल मय स्टाफ एवं वरिष्ठ अधिकारी को अवगत कराकर अविलंब सूचक द्वारा बताए पते पर उचित स्थान देखकर नाकेबंदी की गई।

वाहन का पीछा कर वाहन को राऊ इंदौर एबी रोड पर पिपलिया मल्हार में ओवरटेक करके रोका गया। वाहन चालक वाहन को रोक कर वाहन से उतर कर भागा जिसे स्टाफ ने पकडऩे का प्रयास किया। लेकिन वह अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गया। आबकारी बल द्वारा वाहन की तलाशी लेने पर उसमें बोल्ट बियर कैन की 115 पेटिया पाई गई। वाहन व मदिरा को कब्जे आबकारी लिया गया। फरार आरोपी की तलाश जारी है। वाहन व मदिरा का अनुमानित बाजार मूल्य रुपए 11 लाख 31 हजार 200 रुपए है।

अवैध मदिरा का संग्रहण एवं परिवहन होने से मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34(1) क, 34(2) का प्रकरण पंजीबद्ध कर प्रकरण को विवेचना में लिया है । आबकारी विभाग की अवैध मदिरा के विरुद्ध कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।

रोलिंग पेपर जब्त

# ऑनलाइन बुकिंग लेकर कर रहा था डिलीवर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। ऑनलाइन आर्डर लेकर रोलिंग पेपर की डिलीवरी करने वाले स्वीगी बॉय को पुलिस ने पकड़ा है।**

पुलिस के अनुसार मुखबिर से सूचना मिली की अन्नपूर्णा थाना क्षेत्र से स्वीगी बाय पवन राठौर बाइक क्रमांक एमपी-09 क्यूएक्स 1209 से जा रहा है। उसके पास प्रतिबंधित रोलिंग पेपर है। यह रोलिंग पेपर गांजा पीने के काम आता है। इसलिए पुलिस ने खरीदी-बिक्री पर बैन कर रखा है।

डिलीवरी बॉय से जो पेपर पकड़े गए उनमें एक पैकेट रो-कंपनी का रोलिंग पेपर मिला। पूछताछ में बताया कि रोलिंग पेपर स्वीगी इन्स्टा मार्ट दुकान सुदामा नगर सर्विस रोड से लाया हूं। इस पर पुलिस सुदामा नगर स्थित स्वीगी इन्स्टा मार्ट दुकान पहुंची तो वहां तलाशी में 10 पैकेट रो-कंपनी के रॉलिंग पेपर, 6 पैकेट कना प्रो कंपनी की रोलिंग पेपर, 3 पैकेट सलीम कंपनी के रोलिंग पेपर, 6 पैकेट स्लालस कंपनी की रोलिंग पेपर जब्त किए गए।

## बच्चों ने पुलिस की पाठशाला में पढ़ा, साइबर अपराधों की जानकारी का पाठ

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। इंदौर पुलिस द्वारा साइबर अपराधों पर अंकुश लगाने के लिये, इसके प्रति लोगों में जागरूकता लाने के उद्देश्य से लगातार विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी अनुक्रम में कल अति. पुलिस उपायुक्त क्राइम इंदौर, पुलिस टीम के साथ स्कीम नं.78 इंदौर में पहुंचकर स्टूडेंटस को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक किया**



सायबर अवेयरनेस के तहत सिक्का सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में एडीशनल डीसीपी क्राइम श्री राजेश दंडोतिया ने, अपनी 213 वीं कार्यशाला में करीब 600 स्टूडेंट्स को वर्तमान समय के साइबर अपराधों के प्रकारों और इनसे बचने के तरीकों को बताते हुए, पुलिस के पास आने वाली साइबर अपराधों की केस स्टडी के आधार पर, विभिन्न प्रकार के ऑनलाइन फ्रॉड, फाइनेंशियल फ्रॉड तथा सोशल मीडिया का दुरुपयोग कर, किस प्रकार अपराधी हमें अपना शिकार बनाते हैं आदि के बारे में विस्तृत रूप से बताया।

उन्होंने सभी से कहा कि, आप तो देश के भविष्य हो और इस दिन-प्रतिदिन बदलती नई-नई टेक्नोलॉजी से ही आपको रोज परिचित होना है। ये वर्चुअल दुनिया हमें जितनी आकर्षक लगती है उतनी खतरनाक भी है। यहां कि हमारी हर गतिविधि पर इन साइबर क्रिमिनल्स की नजर है। और आजकल तो आप अपनी ज्यादातर पढ़ाई भी ऑनलाइन ही कर रहे हैं इसलिए और ज्यादा सतर्क रहना जरूरी है।

अतः आप सभी छोटी-छोटी बातों का ध्यान रखें अपनी निजी जानकारी किसी से भी शेयर ना करें, फर्जी या अनजान लिंक पर क्लिक न करें, ऑनलाइन गेम खेलने के दौरान भी पूरी सावधानी रखें और कुछ भी संदिग्ध लगे तो अपने बड़ों को बता कर ही उनसे मार्गदर्शन प्राप्त करें। उन्होंने सभी को साइबर फ्रॉड होने पर पुलिस से या हेल्पलाइन से किस प्रकार संपर्क करें आदि के संबंध में भी व्यावहारिक ज्ञान प्रदान किया।

इस अवसर पर संस्थान के स्टूडेंटस, सहित स्टाफ भी उपस्थित रहा, जिन्होंनें भी साइबर सुरक्षा की इन बारिकियों को समझा और इंदौर पुलिस की इस अभियान की प्रशंसा की। इंदौर पुलिस द्वारा साइबर अपराधों के प्रति लोगों को जागरूक करने के इस अभियान के तहत, यदि कोई स्कूल/कॉलेज, संस्थान, इकाई, कॉलोनी आदि में भी साइबर अवेयरनेस की कार्यशाला आयोजित करना चाहता है या कोई जानकारी चाहता है तो वह इंदौर पुलिस के नंबर 7049108197 पर संपर्क कर सकता है।

## सात वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म

पिटाई कर आरोपी को थाने लेकर पहुंचे लोग

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट



**इंदौर।** चंदन नगर थाना क्षेत्र के सिरपुर में सात वर्षीय बच्ची के साथ सोमवार को एक आरोपित ने दुष्कर्म किया। भीड़ ने आरोपित को पकड़कर पहले पिटाई की फिर पुलिस के हवाले किया। जानकारी मुताबिक, यहां लगे मेले में बच्ची वहां झूला झूल रही थी, तभी आरोपित त्रिभुवन (50) निवासी उत्तर प्रदेश वहां पहुंचा और बच्ची के साथ हरकत करने लगा। इसी दौरान आसपास के लोगों ने उसे बच्ची के साथ हरकत करते हुए देखा तो पकडकर पहले उसकी धुनाई की फिर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस के मुताबिक, आरोपित के खिलाफ दुष्कर्म, पाक्सो की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया है।

## प्लाट बेचने के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले तीन भूमाफियाओं पर केस दर्ज

**इंदौर। लसूडिया थाना क्षेत्र में प्लाट बेचने के नाम पर धोखाधड़ी करने के मामले में पुलिस ने सोमवार को भूमाफियाओं के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया। डीसीपी जोन- 2 अभिनव विश्वकर्मा ने बताया कि एमआर-11 स्थित भूमि पर प्रिंसेस स्टेट कालोनी काटकर आम लोगों को प्लाट बेचकर रुपये ले लिए, लेकिन प्लाट का पजेशन नहीं दिया गया। इसकी शिकायत मिलने पर जांच की गई।**

जांच में पता चला कि फैनी कन्स्ट्रक्शन और वीटेक मार्कोन प्रालि नाम से कंपनी बनाकर प्रिंसेस स्टेट कालोनी विकसित की जा रही है। इस पर फैनी कन्स्ट्रक्शन के डायरेक्टर अरुण डागरिया और महेन्द्र जैन तथा वीटेक मार्कोन प्रालि के डायरेक्टर अतुल सुराना ने 24 से अधिक व्यक्तियों से रुपये लेकर अविकसित कालोनी के प्लाट बेच दिए। लेकिन वर्ष 1998 से आज तक उनको प्लाट का आधिपत्य नहीं दिया। मामले में पुलिस ने तीनों आरोपितों के खिलाफ धोखाधड़ी सहित अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज किया।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ मो. : 7312433667, 9826044334 ■ प्रबंध संपादक - महेन्द्र पालीवाल ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक